हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 28 मई 2025, समय 1305 (5 मिनट)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज वीर सावरकर की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। श्री मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर वीडियो साझा करते हुए कहा कि विदेशी हुकूमत की कठोर से कठोर यातनाएं भी मातृभूमि के प्रति भारत माता के सच्चे सपूत वीर सावरकर जी के समर्पण भाव को डिगा नहीं पाईं। प्रधानमंत्री ने कहा कि आजादी के आंदोलन में वीर सावरकर के अदम्य साहस और संघर्ष की गाथा को कृतज्ञ राष्ट्र कभी भुला नहीं सकता। देश के लिए उनका त्याग और समर्पण विकसित भारत के निर्माण में भी पथ-प्रदर्शक बना रहेगा।

***************************************************************************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कल नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में **69 प्रतिष्ठित** हस्तियों को पद्म पुरस्कार प्रदान किए। इनमें से तीन को पद्म विभूषण, 9 को पद्म भूषण और **57 लोगों** को पद्म श्री से सम्मानित किया गया।पूर्व मुख्य न्यायाधीश जगदीश सिंह खेहर और कुमुदनी रजनीकांत लाखिया को सार्वजनिक मामलों और कला के क्षेत्र में योगदान के लिए पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया है। प्रसिद्ध लोक गायिका शारदा सिन्हा को मरणोपरांत पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। पद्म भूषण से सम्मानित होने वालों में जतिन गोस्वामी, कैलाश नाथ दीक्षित, साध्वी ऋतंभरा शामिल हैं।

***************************************************************************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि पद्म पुरस्कार विजेताओं ने भारतीय समाज में उल्लेखनीय योगदान दिया है। सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए श्री मोदी ने कहा कि पद्म पुरस्कार पाने वालों की जीवन यात्रा बेहद प्रेरणादायक है।

*************************************************************************

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का उत्सव मनाते हुए, राष्ट्र भारतीय सैनिकों की वीरता को नमन करता है। सशस्त्र बलों की श्रद्धांजलि स्वरूप आकाशवाणी समाचार सेवा प्रभाग विशेष श्रृंखला प्रस्तुत कर रहा है। आज हम सूबेदार जोगिंदर सिंह को स्मरण कर रहे हैं। उन्हें 1962 के भारत-चीन युद्ध के दौरान सर्वोच्च बलिदान देने पर परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया।

*1962 के भारत चीन युद्ध के दौरान सूबेदार जोगिंदर सिंह ने नेफा के तवांग सेक्टर में एक पलटन का नेतृत्व किया। यह पलटन बगला अक्ष पर पंपिंग लाख क्षेत्र में एक रिज पर रणनीतिक स्थिति में था। 20 अक्टूबर को सूबेदार सिंह की पलटन ने मैकमोहन रेखा के पार एक चीनी सैन्य निर्माण देखा जो आने वाले दिनों में होने वाली किसी हमले का संकेत था। 23 अक्टूबर की सुबह चीनियों की तीन टुकड़ियां जिसमें हर टुकड़ी में 200 सैनिक शामिल थे उन्होंने तोप और मोर्टार से एक बड़ा हमला किया। संख्या में कम होने के बावजूद भी सूबेदार सिंह की पलटन ने जबरदस्त जवाब देते हुए दुश्मन को भारी नुकसान पहुंचाकर उसे पीछे धकेल दिया। हमले में सूबेदार जोगिंदर सिंह की जांघ घायल होने के बावजूद वह अपनी पलटन के साथ डटकर खड़े रहे और अपने सैनिकों को प्रेरित करना जारी रखा। जब दुश्मन की ओर से अंतिम और सबसे शक्तिशाली हमला हुआ। तब सूबेदार सिंह के पास गोला बारूद समाप्त हो गया था और कुछ ही लोग बचे थे तब उन्होंने एक मशीन गन से दुश्मन पर वार कर उसे काफी नुकसान पहुंचाया। जब स्थिति और बिगड़ गई तो उन्होंने और उनके शीर्ष सैनिकों ने बेनट से दुश्मन पर हमला किया जिसमें दुश्मन के कई सैनिक मारे गए। उनके असाधारण साहस, नेतृत्व और कर्तव्य के प्रति समर्पण के लिए सूबेदार जोगिंदर सिंह को मरणोपरांत परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया। सकेलन अख्तर, आकाशवाणी, समाचार दिल्ली।*

***************************************************************************

हरियाणा में पश्चिमी विक्षोभ के आंशिक प्रभाव के कारण आज 14 जिलों में और कल व परसों पूरे प्रदेश में बारिश हो सकती है मौसम विभाग के चंडीगढ़ केंद्र ने इस दौरान हरियाणा में बादल छाए रहने और गरज व चमक के साथ 40 -50 किलोमीटर प्रति घंटा तक की रफ़्तार से हवाएं चलने की संभावना भी जताई है। विभाग ने आज पंचकूला अंबाला और

यमुनानगर में 25 से 50 प्रतिशत और 11 जिलों में 25 परिषत तक वर्षा होने का पूर्वानुमान लगाया गया है जबकि अन्य जिलों में मौसम शुष्क रहेगा।

***********************************************************************

हरियाणा राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की वित्तायुक्त डॉ. सुमिता मिश्रा ने कहा है कि मानसून सीजन से पहले बाढ़ राहत उपाय करने के लिए सभी उपायुक्तों और जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को 1 करोड़ 49 लाख रुपये आवंटित किए गए हैं।उन्होंने बताया कि कुल राशि में से 99 लाख रुपये ग्रामीण क्षेत्रों में बाढ़ की तैयारियों के लिए जारी किए गए हैं। इन निधियों का उपयोग जल निकासी, भोजन और वस्त्र वितरण तथा चारा आपूर्ति इत्यादि के लिए किया जाएगा। इसका उद्देश्य मानसून से संबंधित समस्याओं का सक्रियता से समाधान करना और आपात स्थितियों को उत्पन्न होने से पहले रोकना है।इसके अतिरिक्त, शहरी क्षेत्रों में जलभराव से निपटने और भारी वर्षा की चुनौतियों का प्रबंधन करने के लिए जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को 50 लाख रुपये आवंटित किए गए हैं।